संख्या-588 /2021/4173/41-2020-108(बजट)/2020

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 03 नवम्बर 2021**

विषयः- जनपद- बागपत तहसील बडौत में स्थित गोरखनाथ मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराये जाने की परियोजना हेतु द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-4317/6-1-1/(1231)/2020-21 दिनांक 31 अक्टूबर 2021, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य योजनान्तर्गत जनपद बागपत तहसील बड़ौत में स्थिति गोरखनाथ मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण की परियोजना हेतु कार्यदायी संस्था-यू0पी0सिडको द्वारा गठित आगणन रू0-644.02 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित लागत के अनुसार शासनादेश संख्या-299/2021/1121/41-2020-108(बजट)/2019 दिनांक 31-3-21 द्वारा रू0-616.89 लाख की प्रशासकीय एवं रू0-4.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गई थी। तत्क्रम में क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी मेरठ के पत्रांक-1396/रा0यो0/बागपत/गो0मं0/2021 दिनांक 11-8-21 द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 05 माह का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद नामित कार्यदायी संस्था-यू0पी0सिडको द्वारा ड्राइंग /डिजाइन फाइनल नहीं की गई/ किसी भी टेण्डर की कार्यवाही नहीं की गई/ तकनीकी स्वीकृति की कार्यवाही नहीं की गई/ टाइम लाइन का निर्धारण नहीं किया एवं बार चार्ट उपलब्ध नहीं कराया गया । उक्त स्थिति संसूचित करते हुये क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी मेरठ द्वारा नामित कार्यदायी संस्था-यू0पीसिडको के स्थान पर किसी अन्य को कार्यदायी संस्था नामित करने का अनुरोध किया गया । प्रकरण में मुख्य महाप्रबंधक उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 लखनऊ द्वारा प्रदान की गई सहमति के क्रम में जनपद बागपत में स्थित गोरखनाथ मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण की परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-299/2021/1121/41-2020-108(बजट)/2019 दिनांक 31-3-21 द्वारा जारी की गई प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में नामित कार्यदायी संस्था-यू0पी0सिडको के स्थान पर एतद्द्वारा यू0पी0पी0सी0एल0 को शासनादेश सं0-2735/41-2021-108 (बजट)/2020 दिनांक 28-09-2021 द्वारा कार्यदायी संस्था नामित कर दिया गया। उक्त पृष्ठभूमि में महानिदेशक पर्यटन द्वारा पूर्व में अवमुक्त की गई प्रथम किश्त के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध कराया गया है और क्षे0प0अ0 मेरठ के पत्र सं0-मेमो0/रा0यो0/मे0/2021 दिनांक 31-10-2021 के क्रम में प्रायोजना की अवशेष धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध/प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

3- अतः उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रायोजना के अवशेष कार्यों को कराये जाने हेतु **द्वितीय किश्त के रूप में** रू0**-306.44** लाख **(रूपये तीन करोड छः लाख चौवालिस हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति इस प्रतिबन्ध सहित प्रदान की जाती है कि प्रायोजना हेतु प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गई धनराशि रू0-4.00 लाख के सापेक्ष क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी मेरठ द्वारा यू0पी0सिडको से अविलम्ब उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

4- उक्त के अतिरिक्त प्रायोजना हेतु अवमुक्त की जा रही द्वितीय किश्त की धनराशि का आहरण एवं

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

व्यय निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1) प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के साथ यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि नवनामित कार्यदायी संस्था- यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा प्रश्नगत परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-299/2021/1121/41-2020-108(बजट)/2019 दिनांक 31-3-21 में अंकित शर्तों व प्रतिबन्धों का अनुपालन किया जायेगा।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-149/दस-2020-231/2019, दिनांक 24 मार्च, 2020,शासनादेश सं0-4/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020 दिनांक 7-4-2020 , शासनादेश सं0-5/2020/बी-1-196/दस-2020-231/2020 दिनांक 11-4-2020 , शासनादेश सं0-6/2020/बी-1-218/दस-2020-231/2020 दिनांक 18-5-2020 एवं वित्त (आय—व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या : 3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनाँक : 22 मार्च, 2021 में निहित शर्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा, अर्थात् स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा। उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत की सीमान्तर्गत ही कराया जायेगा तथा कार्यदायी संस्था को अनुमोदित लागत के अतिरिक्त कोई अन्य धनराशि/चार्जेज नही दिया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायेंगे।

(3) प्रायोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा जी0एस0टी0 भुगतान के सम्बन्ध में ***प्रामाणिक प्रपत्र -जी0एस0टी0 इन्वायस*** सक्षम स्तर से महानिदेशक पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबरसेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा ।

(4) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा वित्त विभाग के संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च 2021 के प्रस्तर-2(9) में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा दो-दो माह की आवश्यकता के लिए आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी तथा कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित कर दी जायेगी। इसका अनुपालन महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।

(6) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करा लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

(7) परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर-रन को नियन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम-04/2017 दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों तथा बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (**VII**) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(8) परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(10) अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा। कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन पर्यटन निदेशालय एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रायोजना में अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना/विवरण के आधार पर प्रदान की जा रही है। यदि परियोजना के मानक के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका पूर्ण उत्तदायित्व कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों का होगा। प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वास्तविक रूप से व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य की गुणवत्ता एवं फोटोग्राफ्स आदि सक्षम स्तर से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) महानिदेशक पर्यटन द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

5- प्रस्तर-3 में प्रदान की जा रही वित्तीय स्वीकृति की धनराशि पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-44 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-08-मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास -24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2021/बी-1-141/दस-2021-231/2020 दिनांक 20 जनवरी 2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या-588/2021/4173/41-2020-108(बजट)/2020 तद्दिनॉक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
4- संबंधित उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0पी0सी0एल0, लखनऊ।
7- परियोजना प्रबंधक , यू0पी0पी0सी0एल0 मेरठ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
9- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ,मेरठ।
10- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग ।
11- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in